/font>

14.03 hrs.

Title: Need to expedite opening of a post office in Surajmal Vihar, Delhi.

श्री लाल बिहारी तिवारी (पूर्वी दिल्ली) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र पूर्वी दिल्ली के सूरजमल विहार में एक पोस्ट ऑफिस टीन के शैड में चल रहा था जिसे डी.डी.ए. ने डिमॉलिश कर दिया है। इसलिए यहां के रिटायर्ड लोगों को बहुत दूर जाना पड़ता है जिससे उन्हें बहुत परेशानी हो रही है। इसके लिए डी.डी.ए. ने 6000 रुपए महीने किराए पर निर्मित भवन पोस्ट ऑफिस विभाग को देने का निर्णय लिया था। बाद में दस लाख रुपए में इस भवन को खरीदने का फ़ैसला हुआ जिसका पजेशन डी.डी.ए. द्वारा पोस्ट ऑफिस विभाग की इस अंडरटेकिंग पर कि रिवाइज एस्टीमेट के बजट में जनवरी मास में पेमेंट कर दिया जाएगा, देने को तैयार है। अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि इस पोस्ट ऑफिस को शीघ्र खोला जाए क्योंकि ये लोग बहुत परेशान हैं।